आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

ताजा समाचारों के लिए हमारा एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें
harikamaldarpan.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरि कमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल  मो. : 9358430959  Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 26 मेरठ, रविवार 12 जुलाई, 2026  Website:- harikamaldarpan.com  कुल पृष्ठ : 8  मूल्य : दो रुपये

## मथुरा में 105 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**मथुरा।** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ की ओर से अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के उपलक्ष्य में 5 जुलाई को रिफाइनरी टाउनशिप स्थित कर्मचारी क्लब में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 105 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष सेठ किशनलाल धनगर, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अजयपाल सिंह होल्कर, विधायक मेघश्याम सिंह, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर उर्फ राजू यादव और जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर ने लोकमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि अजयपाल सिंह होल्कर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सुशासन, न्यायप्रियता और जनसेवा का आदर्श है। उन्होंने देशभर में मंदिरों, घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण कर समाज सेवा की अमिट मिसाल पेश की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। विधायक मेघश्याम सिंह ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायी कदम है। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर ने कहा कि महासंघ शिक्षा और समाज हित से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। समारोह का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी. शंकरलाल धनगर ने किया। इस अवसर पर जेपी धनगर, हरपाल सिंह धनगर, वीर सिंह धनगर, गीता होल्कर, संजय धनगर, भीम सिंह धनगर, डॉ. राजेंद्र मिलन, डॉ. संदीप बघेल, पीयूष सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। **-ब्यूरो**

## स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट ने 11 बच्चों को दिलाई ड्रेस



**दिल्ली।** 'बड़ी-बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होता, धरातल पर किया गया एक छोटा सा प्रयास भी किसी का जीवन बदल सकता है।' स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट रजि. के द्वारा श्री राम डी.ए.वी. इंटरनेशनल स्कूल (बुध बाजार रोड, नत्थुपुरा) में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सुखद कार्य सम्पन्न हुआ। अभी कुछ समय पहले ट्रस्ट द्वारा एक अपील की गई थी जिसके बाद 11 जरूरतमंद बच्चों (संतनगर, कादीपुर, बुराड़ी, नत्थुपुरा) को स्कूल ड्रेस (पैन्ट, शर्ट, जुराब, बैल्ट, रुमाल) दिलाई गई। यह कार्य स्वाभिमान टीम के डॉ. मनोज कुमार पाल, राम प्रकाश, महेश चन्द पाल, श्रीमती लता पाल द्वारा सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट के पदाधिकारियों का निरंतर और दृढ़ प्रयास है कि पैसों की तंगी या संसाधनों की कमी के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई न रुके। हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिले। **-ब्यूरो**

## अहिल्याबाई होलकर को न्याय की देवी के रूप में स्थापित करने की मांग



**वडोदरा।** 3 जुलाई को गुजरात पाल महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत के सभी जिला एवं तहसील न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय तक न्याय की प्रतीक के रूप में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं, जिन्होंने अपने शासन काल में निष्पक्ष न्याय, सुशासन, जनकल्याण और धर्मनिरपेक्ष लोकसेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके न्यायप्रिय और संवेदनशील व्यक्तित्व के कारण वे आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया गया कि भारतीय न्याय व्यवस्था में न्याय, सत्य, समानता और लोककल्याण के आदर्शों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमाएं देश के सभी न्यायालयों में स्थापित की जाएं। गुजरात पाल महासभा का मानना है कि इससे भारतीय संस्कृति, इतिहास और न्याय परंपरा का सम्मान बढ़ेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को एक आदर्श न्यायप्रिय शासक से प्रेरणा मिलेगी। गुजरात पाल महासभा ने आशा व्यक्त की कि राष्ट्रपति इस मांग पर सकारात्मक विचार करेंगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी जितेन्द्र कुमार पाल प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गुजरात पाल महासभा ने दी। **-ब्यूरो**




## श्री गिर्राज देवांश अकादमी का हुआ भव्य शुभारंभ



**आगरा।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करते हुए श्री गिर्राज देवांश अकादमी का भव्य उद्घाटन बरारा में 5 जुलाई को हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता नरेंद्र धनगर रहे, जिन्होंने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर अकादमी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. नीलू सिंह (साइंटिस्ट), किरण सिंह लोधी (किसान मोर्चा नेता), अभिषेक योगी, अशोक बघेल, अमित बघेल, बादल सिंह, अमरनाथ बघेल, चंद्रपाल सिंह, विनोद पंडित, गोविंद ललवा पंडित एवं नाहर सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नरेंद्र धनगर ने अपने संबोधन में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज एवं राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल पारंपरिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना भी अत्यंत आवश्यक है। डॉ. नीलू सिंह ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के इस युग में बच्चों को प्रारंभ से ही आधुनिक शिक्षा से जोड़ना समय की आवश्यकता है। किरण सिंह लोधी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज और आने वाली पीढ़ी को मजबूत बनाती है। अभिषेक योगी ने कहा कि ऐसी संस्थाएं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ने और बड़े सपने देखने का अवसर प्रदान करती हैं। अशोक बघेल ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है और समाज को नई दिशा मिलती है। अमित बघेल ने कहा कि आंधुनिक शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त शिक्षण बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। अकादमी के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. देवांश धनगर ने कहा कि श्री गिर्राज देवांश अकादमी का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्रदान करना है। हमारा प्रयास रहेगा कि प्रत्येक विद्यार्थी शैक्षणिक, बौद्धिक एवं नैतिक रूप से मजबूत बने और अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। अकादमी में सीबीएसई पैटर्न पर आधारित शिक्षा के साथ-साथ अबेकस, वैदिक गणित, रोबोटिक्स एवं कोडिंग जैसी आधुनिक शिक्षाएं भी प्रदान की जाएंगी। अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में रोबोटिक्स मॉडल एवं बैटरी मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। समारोह के अंत में अकादमी प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया। **-ब्यूरो**


कृष्ण पाल


वीरेन्द्र कुमार पाल


गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेड़ा, मेरठ

# हरिकमल दर्पण

## रासप को मजबूत बनाना होगा!



*कहते हैं कि राजनीति सभी तालों की चाबी है। देश में यदि किसी भी समाज को चहुंमुखी उन्नति करनी है तो इसके लिए उस समाज की राजनीति पर मजबूत पकड़ होना बहुत जरूरी है। देश में गडरिया समाज की जनसंख्या लगभग 12 करोड़ बताई जाती है लेकिन राजनीति में हमारा समाज आज भी बहुत पीछे है। समाज को राजनीति में आगे लाने के उद्देश्य से महादेव जानकर ने लगभग 23 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय समाज पक्ष के नाम से राजनीतिक पार्टी की स्थापना की थी, लेकिन अभी तक यह पार्टी अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकी है। इसके पीछे अनेक कारण हो सकते हैं लेकिन सबसे मुख्य कारण यह है कि हमारे समाज में राजनीति के प्रति जागरूकता का अभाव है। यदि समाज के प्रत्येक परिवार से कम से कम एक व्यक्ति इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करे और पार्टी को आगे बढ़ाने का प्रयास करे तो बहुत जल्द महादेव जानकर का सपना साकार हो सकता है। इस बारे में रासप के 'थिंक टैंक' को भी वृहद योजना बनाकर उसे जमीन पर उतारना होगा। साथ ही रासप के संस्थापक महादेव जानकर को भी मीडिया की सुर्खियों में निरंतर बने रहने का प्रयास करना होगा, तभी उनका देश में 'गडरिया राज' का सपना साकार हो सकता है।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

–निरंजन सिंह पाल

# संगठन नहीं, समाज सर्वोपरि होता है...!

किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसके संगठनों की संख्या से नहीं, बल्कि उनके उद्देश्य, अनुशासन, कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण से आँकी जाती है...मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन जब वही मतभेद व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप, सोशल मीडिया की बहस और आपसी कटुता में बदल जाएँ, तो सबसे अधिक नुकसान पूरे समाज की छवि को होता है...आज आवश्यकता इस बात की नहीं है कि कौन किस पद पर है। या किस संगठन से जुड़ा है...आवश्यकता इस बात की है कि कौन समाज के लिए ईमानदारी से कार्य कर रहा है...पद सम्मान का माध्यम हो सकता है, लेकिन सेवा का विकल्प कभी नहीं हो सकता...जो व्यक्ति बिना पद के समाज के लिए काम करता है, उसका योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी बड़े पदाधिकारी का। हर संगठन की अपनी कार्यशैली, नियम और विचारधारा होती है...यदि किसी को किसी संगठन से वैचारिक असहमति है, तो उसे मर्यादा के साथ अपनी बात रखनी चाहिए...नए संगठन बनाना या किसी दूसरे संगठन से जुड़ना किसी का अधिकार है, लेकिन इसका उद्देश्य समाज को जोड़ना होना चाहिए, तोड़ना नहीं। सोशल मीडिया आज विचार व्यक्त करने का प्रभावशाली माध्यम है, पर इसे व्यक्तिगत संघर्ष का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए। हमारी हर पोस्ट, हर टिप्पणी और हर प्रतिक्रिया आने वाली पीढ़ी के सामने हमारे समाज की तस्वीर प्रस्तुत करती है। यदि हम स्वयं एक-दूसरे का सम्मान नहीं करेंगे, तो बाहरी समाज भी हमारा सम्मान कैसे करेगा? समाज की उन्नति फेसबुक की पोस्टों, पदों की घोषणाओं या तस्वीरों से नहीं होगी, वह होगी शिक्षा, संगठन, युवाओं के मार्गदर्शन, महिलाओं के सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक एकता से। यदि हमारी ऊर्जा इन कार्यों में लगेगी तो आने वाला समय निश्चित रूप से समाज के लिए गौरवशाली होगा। आइए, हम यह संकल्प लें कि आलोचना करेंगे तो समाधान के साथ करेंगे, असहमति होगी तो मर्यादा के साथ होगी और संगठन चाहे कोई भी हो, लक्ष्य केवल एक रहेगा 'समाज का सम्मान, समाज की प्रगति और समाज की एकता'...क्योंकि अंततः इतिहास उन लोगों को याद नहीं रखता जिन्होंने सबसे अधिक विवाद किए, बल्कि उन्हें याद रखता है जिन्होंने सबसे अधिक निर्माण किया।



–रामकृष्ण बघेल, ग्वालियर
मो. 7879705286

# अपने समाज में विवाह में हो रही देरी–एक चिंतन!


विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र बंधन है। हमारे समाज में यह चिंता का विषय बनता जा रहा है कि योग्य युवक-युवतियों के विवाह समय पर नहीं हो पा रहे हैं। बढ़ती आयु के कारण कई परिवार मानसिक तनाव, सामाजिक चिंता और आर्थिक बोझ का सामना कर रहे हैं। विवाह में देरी के अनेक कारण हो सकते हैं–अत्यधिक ऊँची अपेक्षाएँ, छोटी-छोटी बातों पर रिश्ते अस्वीकार कर देना, दहेज जैसी अनुचित सोच, शिक्षा या नौकरी को लेकर कठोर शर्तें, सीमित सामाजिक संपर्क तथा आपसी संवाद की कमी। कई बार परिवार केवल 'सबसे अच्छा रिश्ता' खोजते-खोजते उपयुक्त रिश्ते भी खो देते हैं। समय पर विवाह होने से परिवारों में स्थिरता आती है, समाज में सद्भाव बढ़ता है और नई पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित होता है। इसलिए हमें अपनी सोच में संतुलन लाने की आवश्यकता है। रिश्ते तय करते समय सबसे अधिक महत्व अच्छे संस्कार, चरित्र, आपसी सम्मान, स्वास्थ्य और पारिवारिक मूल्यों को देना चाहिए। समाज के सभी वरिष्ठजन, युवा और अभिभावक मिलकर विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करें, आपसी संवाद बढ़ाएँ और बिना किसी भेदभाव के योग्य रिश्तों को प्रोत्साहित करें। दहेज, दिखावा और अनावश्यक शर्तों से दूर रहकर सरल एवं सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा दें। आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने समाज के प्रत्येक योग्य युवक-युवती का विवाह उचित समय पर कराने में सहयोग करेंगे। यही हमारे समाज की एकता, प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की सच्ची पहचान होगी।



–रतनपाल सिंह, बुलंदशहर
मो. 9634626627

# युवाओं को आगे बढ़ने के लिए धैर्य, बुद्धि और कानून की सहायता से लड़ना होगा!

गडरिया पाल धनगर समाज के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए धैर्य, बुद्धि और कानून की सहायता से लड़ना होगा। छोटे-मोटे विवादों के चलते युवाओं का थानों के चक्कर लगाना और गंभीर धाराओं जैसे एससी-एसटी एक्ट का शिकार होना उनके भविष्य, शिक्षा और सरकारी नौकरियों की तैयारियों को नुकसान पहुँचा रहा है। बुजुर्ग लोगों को आगे आकर युवाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। इस गंभीर स्थिति से निपटने और समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए कुछ मुख्य बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। युवाओं द्वारा भारतीय संविधान, लोकतंत्र और कानून की धाराओं का अध्ययन न करना उनके लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। कानून हाथ में लेने पर पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करता है, जिससे करियर की शुरूआत में ही अपराधिक इतिहास बन जाता है। समाज को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर और महाराजा यशवंतराव होलकर जैसे महान पूर्वजों की सीख और उनके धैर्य, बुद्धि व साहस को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। जब कोई युवा किसी केस में फंसता है, तो परिवार के बड़े-बुजुर्गों और समाजसेवियों को उसे बचाने के लिए कोर्ट-कचहरी और वकीलों पर भारी पैसा खर्च करना पड़ता है। इससे परिवार आर्थिक रूप से पीछे चला जाता है। समाज के युवाओं को अपनी ऊर्जा आपसी लड़ाई-झगड़े में बर्बाद करने के बजाय पढ़ाई, सरकारी नौकरियों की तैयारी और मेहनत-लगन से अपना भविष्य बनाने में लगानी चाहिए। हमसे जुड़ने और इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए अवश्य संपर्क करें। यदि आप इस मुहिम को धरातल पर ले जाने के लिए समाज के बीच कोई जागरूकता बैठक या लीगल अवेयरनेस कैंप (कानूनी जागरूकता शिविर) आयोजित करना चाहते हैं, तो मुझे बताएं। मैं उसके लिए एक बेहतरीन आमंत्रण पत्र या भाषण तैयार करने में आपकी मदद कर सकता हूँ।



–शरद पाल, प्रदेश संगठन मंत्री,
ऑल इंडिया धनगर समाज महासभा
मो. 9897332582

# लोकतंत्र, दल-बदल और कृत्रिम विकास : नीतिगत पतन की पराकाष्ठा!

किसी भी जीवंत लोकतंत्र की आत्मा उसके जन-प्रतिनिधियों की नैतिक जवाबदेही और वैचारिक निष्ठा में बसती है। लेकिन जब राजनीति में सिद्धांतों का स्थान अवसरवाद ले लेता है–जहाँ जनप्रतिनिधियों के लिए दल बदलना और रातों-रात निष्ठाएं बदलना एक सामान्य प्रक्रिया बन जाती है; तो लोकतांत्रिक मूल्यों का पतन होने लगता है। राजनीति का यह पाला-बदल न केवल मतदाताओं के विश्वास को गहरी ठेस पहुँचाता है, बल्कि राष्ट्र को एक ऐसे मार्ग पर ले जाता है जहाँ से शासन व्यवस्था में ईमानदारी कोसों दूर नजर आने लगती है।

**अवसरवाद का संकट और संवैधानिक चिंताएं :**

आम नागरिक किसी भी जनप्रतिनिधि को उसकी पार्टी की विचारधारा, चुनावी घोषणापत्र और उसके वादों पर भरोसा करके चुनता है; लेकिन जब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं या तात्कालिक राजनीतिक लाभ हावी हो जाते हैं, तो यह भरोसा अक्सर टूटता नजर आता है। भारत में इस राजनीतिक पाला-बदल को रोकने के लिए संविधान की दसवीं अनुसूची में (दलबदल विरोधी कानून) बनाया गया था। परंतु, समय के साथ इस कानून की तकनीकी कमियों का लाभ उठाकर व्यवस्था में नए रास्ते तलाश लिए गए हैं। सामूहिक इस्तीफे, कानूनी व्याख्याओं का खेल और प्रक्रियात्मक कमियों के कारण यह कानून अपने मूल उद्देश्य को पूर्णतः प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है। जब देश की व्यवस्थाएं स्थायी नीतियों के बजाय राजनीतिक जोड़-तोड़ के समीकरणों से प्रभावित होने लगती हैं, तो दीर्घकालिक राष्ट्र-निर्माण की गति धीमी पड़ जाती है। यह किसी एक दल की समस्या नहीं, बल्कि पूरी राजनीतिक संस्कृति का एक ऐसा कैंसर है जो समय-समय पर हर स्तर पर दिखाई देता है।

**सकारात्मक राजनीतिक सुधार :**

कुछ अंतरराष्ट्रीय उदाहरण-वैचारिक अस्थिरता और राजनीतिक पतन की इस वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए दुनिया के कई देशों ने अनुकरणीय विधायी और संस्थागत सुधार किए हैं, जिनसे सीख अवश्य ली जा सकती है :

**राइट टू रिकॉल'-स्विट्जरलैंड और कनाडा :**

कई विकसित लोकतांत्रिक देशों में यदि कोई जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद अपनी पार्टी बदलता है या जनता की आकांक्षाओं के विपरीत काम करता है, तो मतदाताओं के पास उसका कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उसे वापस बुलाने का अधिकार होता है। यह व्यवस्था नेताओं को अपनी विचारधारा और जनता के प्रति वफादार रहने के लिए मजबूर करती है।

**सख्त दलबदल कानून और तत्काल अयोग्यता-बांग्लादेश और केन्या :**

बांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 70 के तहत, यदि कोई सांसद अपनी पार्टी के खिलाफ वोट करता है या पार्टी से इस्तीफा देता है, तो उसकी संसद सदस्यता तुरंत समाप्त हो जाती है। इसी तरह, केन्या के कानून जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत लाभ के लिए जनादेश का सौदा करने की अनुमति नहीं देते।

**गठबंधन सरकारों के लिए कानूनी ढांचा-जर्मनी :**

जर्मनी में 'कोआलिशन एग्रीमेंट' को एक कानूनी और औपचारिक दस्तावेज माना जाता है। चुनाव के बाद पार्टियां लिखित समझौते के आधार पर सरकार चलाती हैं, जिससे रातों-रात सरकारें गिराने या पाला बदलने की अनैतिक राजनीति पर नियंत्रण रहता है।

**संसदीय संप्रभुता और आचार संहिता-यूनाइटेड किंगडम :**

ब्रिटेन में 'नो-कॉन्फिडेंस' (अविश्वास प्रस्ताव) और संसदीय आचार संहिता इतनी सख्त है कि नैतिक आधार पर नेताओं को खुद ही पद छोड़ना पड़ता है, जिससे जोड़-तोड़ की गुंजाइश पूर्णतः समाप्त हो जाती है।

**कृत्रिम विकास का छलावा :**

इसी नीतिगत अस्थिरता और वैचारिक शून्यता के बीच जब केवल 'कृत्रिम विकास' को ही प्रगति का एकमात्र पैमाना माना जाता है, तो समाज में एक भ्रमजाल की स्थिति पैदा होती है। आर्थिक विकास के बड़े-बड़े आंकड़े, चमचमाती कंक्रीट की संरचनाएं और विशाल बुनियादी ढांचे निश्चित रूप से किसी भी राष्ट्र के लिए गर्व का विषय अवश्य हैं, लेकिन यह विकास तब तक 'कृत्रिम' और अधूरा माना जाएगा, जब तक देश की बुनियादी व्यवस्थाएं–जैसे हर नागरिक के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, न्यायसंगत रोजगार, संवैधानिक न्याय, वस्तुओं की मजबूत गुणवत्ता, इथेनॉल रहित पेट्रोल, खाने-पीने की वस्तुओं की शुद्धता और प्रत्येक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मजबूत न हों। यदि विकास की चमक-धमक केवल सतह पर दिखती है और समाज का अंतिम व्यक्ति इस भूमंडलीकरण के दौर में अपने बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्षरत हो, तो ऐसी प्रगति को किसी भी रूप में स्थायी नहीं कहा जा सकता। राजनीतिक अस्थिरता के कारण जब नीतियां केवल अगले चुनाव को ध्यान में रखकर बनाई जाती हों, तो दूरगामी और कल्याणकारी योजनाएं अक्सर पीछे छूट जाती हैं। यहां हमें भूटान के 'ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस' जैसे वैश्विक उदाहरणों से सीखना चाहिए, जो केवल आर्थिक आंकड़ों के बजाय नागरिकों की मानसिक, सामाजिक और नैतिक खुशहाली को वास्तविक विकास मानता है।

**सुधारात्मक मार्ग और निष्कर्ष :**


इस वैचारिक संकट से उबरने के लिए व्यवस्थागत और सामाजिक दोनों स्तरों पर कड़े सुधारों की घोर आवश्यकता है :

**संवैधानिक और विधायी सुधार :**

अंतरराष्ट्रीय तर्ज पर दलबदल विरोधी कानून को और अधिक स्पष्ट, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना होगा। पाला बदलने वाले जनप्रतिनिधियों पर न केवल तत्काल अयोग्यता कानून लागू हो, बल्कि उनके दोबारा चुनाव लड़ने पर भी निश्चित समय के लिए प्रतिबंध हो।

**नागरिकों की भूमिका :**

मतदाताओं को तात्कालिक लोक-लुभावन वादों से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधियों से उनकी वैचारिक स्थिरता और नीतिगत कार्यों का हिसाब मांगना होगा। जब तक राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता और जनता के प्रति वास्तविक जवाबदेही की पुनर्स्थापना नहीं होगी, तब तक विकास की कोई भी बड़ी इमारत खोखली ही प्रतीत होगी। राष्ट्र की वास्तविक प्रगति केवल ढांचागत चमक-धमक से नहीं, बल्कि नैतिक राजनीति और मानव-केंद्रित विकास के संतुलन से ही संभव है।



–नरेश कुमार पाल, मेरठ
मो. 9997326200

# गडरिया धनगर (ढेंगर) समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न, सामाजिक भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन

**गंडई।** गडरिया धनगर (ढेंगर) समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक रुमझुम रेस्टोरेंट के सभागार में 5 जुलाई को आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टारकेश्वर लाल खुसरो नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई, मुख्य अतिथि शत्रुघ्न मनु चंदेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, विशेष अतिथि गोविंद राम धनकर प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई ने कहा कि गडरिया समाज का संबंध पशुपालन, जल-जंगल, जमीन, आदिवासी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। आज समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इसमें शिक्षा का बड़ा महत्व है। शत्रुघ्न मन्नू चंदेल ने समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वालों को शुभकामनाएं दीं। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद



राम धनकर ने सामाजिक भवन के लिए नगर पंचायत गंडई में भूमि उपलब्ध कराने हेतु मांगपत्र प्रस्तुत किया। इस पर अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि समाज को भवन के लिए भूमि राजस्व विभाग से उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में अजय हंसा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ, चंद्रपाल धनगर, शत्रुघ्न पाली, द्वारिका पाल, केसु पाली, आशीष धनगर, महेश पाली, पुरुषोत्तम पाल, अजय पाली, श्रीमती सुनीता गोपाल धनगर, श्रीमती ममता राजेश पाल, मनोज धनगर, अभिमन्यु धनगर, नारायण प्रसाद पाली, (साहित्यकार), केदार धनगर, कपूर चंद्र धनगर, रमेश पाल, शत्रुघ्न पाली, भाईराम पाली, पन्ना पाली, शंकर पाल, छगन पाल, विनोद पाली, निरंजन लाल धनकर, कुंभलाल धनकर, लिनकेश्वर धनकर, नरेंद्र पाल, अशोक पाल, मनीराम पाली, रमेश पाल, लक्ष्मण पाली, प्रदीप पाली, बलबीर सिंह धनगर, कल्लू गडरिया एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। अधिवेशन के पूर्व लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र का सामूहिक पूजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। अधिवेशन का संचालन महेश पाली द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम पाल ने किया। उपरोक्त जानकारी निरंजन लाल धनकर प्रदेश मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई। -ब्यूरो

# थलेश पाल 'ईशू' के तिलकोत्सव में हुआ समाजसेवियों का सम्मान

**उन्नाव।** हरिकमल दर्पण के ब्यूरो चीफ ग्राम सोनिक निवासी जगदीश प्रसाद पाल (रिटा. जूनियर इंजीनियर रेलवे विभाग) के सुपुत्र चि. थलेश पाल 'ईशू' का शुभ तिलकोत्सव 6 जुलाई को कानपुर-लखनऊ हाईवे पर स्थित सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से सम्पन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर देशभर से विभिन्न समाजसेवी भी पहुंचे जिनका जगदीश प्रसाद पाल व उनके परिवारजनों द्वारा सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में हरिकमल दर्पण के सम्पादक निरंजन सिंह पाल, अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह पाल (मेरठ), अपना दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हौसिला प्रसाद पाल (लखनऊ), उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप पाल (प्रतापगढ़), स्वाभिमान



शिक्षा संस्कृति समाजोत्थान न्यास के संस्थापक गडरिया अशोक पाल (गाजियाबाद) शामिल थे। अन्य पधारे प्रमुख अतिथियों में विधायक प्रत्याशी सुरेश पाल, विनोद पाल, जिला पंचायत सदस्य गोविन्द यादव, पाल महासभा जिला उन्नाव अध्यक्ष राम नारायन पाल, जमुका प्रधान बिन्दा पाल, मवाईया प्रधान मनोज पाल, लखनऊ कार्यकारिणी सदस्य उप स्टेशन अधीक्षक राजेंद्र पाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से चि. थलेश पाल 'ईशू' को बहुत-बहुत आशीर्वाद एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। -सम्पादक

# टूंडला के कई गांवों में धनगर महापंचायत का आयोजन

**टूंडला।** 5 जुलाई को धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी कराए जाने के लिए नगला गडरिया, बच्चगांव, बरतरा व हिम्मतपुर गांवों में धनगर महापंचायत का आयोजन किया गया। धनगर महापंचायत में युवाओं, महिला-पुरुषों को संबोधित करते हुए धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व मानव अधिकार सर्वेक्षण के अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा 1950 के गजट में धनगर प्रमाण पत्र उल्लेखित है। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के शासनादेश के बावजूद भी धनगर प्रमाण पत्र प्रदेश की किसी भी तहसील में निर्गत नहीं किए जा रहे हैं जिससे समाज अपने अधिकार से



वंचित है। धनगर समाज ने हमेशा सरकार बनाने में साथ दिया, सबका साथ सबका विकास करने वाली सरकार में धनगर समाज अपने हक से वंचित है। अब समाज को एकजुट होकर स्वयं अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने पर मंथन हुआ। महापंचायत में भोला सिंह धनगर, सतवीर सिंह धनगर, वीरेश कुमार शास्त्री, तेज सिंह धनगर, रूपा देवी धनगर, हरपाल सिंह धनगर, गौरी शंकर धनगर, श्याम सिंह धनगर, देवेंद्र धनगर, यशोदा देवी धनगर, जितेंद्र कुमार धनगर, राजकुमार धनगर, मलखान सिंह धनगर पूर्व प्रधान, राजवीर सिंह धनगर, गया प्रसाद धनगर, धर्मेंद्र कुमार, नेपाल सिंह धनगर, माला देवी धनगर, रेखा देवी धनगर, मीना धनगर, आशा देवी धनगर, रिंकी देवी धनगर, कलावती, गंगाराम धनगर, कुसमा देवी धनगर, रूमा देवी धनगर, उमावती धनगर, रीमा धनगर, रजनी धनगर, राखी देवी, सीमा देवी, देविका देवी, आशा देवी, चरण देवी, शब्दश्री, शिवानी, जया धनगर, सपना, योगिता धनगर आदि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और सभा को संबोधित किया। -ब्यूरो

# 20 नवम्बर को होने वाले सामूहिक विवाह के लिये रूपरेखा बनाई

**दिल्ली।** 5 जुलाई को श्री गौरीशंकर मन्दिर शिव विहार करावल नगर में सामाजिक मीटिंग हुई जिसमें देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट रजि. के आगामी 20 नवम्बर को होने जा रहे सामूहिक विवाह के लिये रूपरेखा बनाई गई। मीटिंग की अध्यक्षता सुखपाल सिंह पाल ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि सुरेंद्र जैन को शील्ड और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। नानक चन्द पाल, ओमपाल सिंह पाल, रोजी को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मीटिंग में रामबीर पाल, जयपाल,



राजवीर पाल, ज्ञानचन्द, गंगा राम, हरस्वरूप, वीर सिंह, रामपाल, जगपाल, संजय पंडित, जे.डी. पाल, फतेह सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, राम प्रकाश, मंगतराम पाल, सुरेश पाल, श्रीमती लता पाल, महेश चन्द पाल ने अपना सहयोग दिया। सभी ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की। -ब्यूरो

# स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति समाजोत्थान न्यास की मासिक बैठक सम्पन्न

**दिल्ली।** स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति समाजोत्थान न्यास की नियमित मासिक बैठक 5 जुलाई को गुड़मंडी में बड़े सौहार्दपूर्ण और सौम्य वातावरण में दिल्ली के प्रत्येक भाग से आए हुए परिपक्व और चिंतनशील सामाजिक-प्रबुद्धजनों के साथ संपन्न हुई। बैठक भविष्य में होने वाली गतिविधियों व कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संस्था के विस्तार को लेकर एक-दूसरे के सुझावों और विचारों को सम्मान देते हुए सहमति



रूपेण संपन्न हुई। बैठक में भागमल पाली, इंदरबीर पाल, गडरिया अशोक पाल, मनोज बघेल, दरवेश पाल, हरिनारायण पाल, रघुवीर सिंह पाल, नंदलाल वर्मा, धर्मेन्द्र पाल, धर्मवीर बघेल, मोहन पाल आदि शामिल रहे। -ब्यूरो

# पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

**तखतपुर।** महामाया मंदिर परिसर बेलसरी में पूर्वजों की स्मृति में आम, बेल, गिलोय, एलोवेरा, तुलसी, गुलाब, मदार, नीम के पौधों का रोपण सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया। गायत्री परिवार बिलासपुर के ट्रस्टी राम कुमार श्रीवास ने इसे बहुत ही श्रेष्ठ कार्य बताया। पौधारोपण अभियान के संयोजक नारायण प्रसाद पाली ने सभी से निवेदन किया कि तालाबों में बरगद, पीपल, आम जैसे पौधे लगाएं तथा घरों में जहां जगह नहीं है वहां गमले में औषधि पौधों का रोपण कर उसका लाभ



उठाएं। इस अवसर पर श्रीमती मीरा पाली, प्रज्ञा नारायण पाली, संदीप यादव, सीताराम श्रीवास, नर्मदा रजक, श्रीमती रीना ठाकुर, देवी सिंह ठाकुर एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। -ब्यूरो

# रामपाल प्रदेश सचिव बने



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के नेता रामपाल सिंह पाल को पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। सपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप द्वारा 2 जुलाई को उनका मनोनयन पत्र जारी किया गया। उन्हें जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, जिला सचिव पवन पाल, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने फूल माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। -शरद पाल

# तखतपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**तखतपुर।** सर्व मानव जागृत युवा सेवा समिति छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 10 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन श्री राम सदन में किया गया। विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह, श्रीमती ललिता संतोष कश्यप जिला पंचायत उपाध्यक्ष, नगर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा मक्कड़, कोमल सिंह ठाकुर पार्षद, श्रीमती माधवी संतोष वस्त्रकर जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं गणमान्य नागरिकों ने इसमें हिस्सा लिया। देव पूजन कार्यक्रम नारायण प्रसाद पाली द्वारा संपन्न कराया गया। 70 लोगों ने रक्तदान किया तथा 45 लोगों ने रक्त परीक्षण कराया। सभी रक्तदान करने वालों को सर्व मानव जागृत



युवा सेवा समिति तखतपुर द्वारा हेलमेट, पानी की बोतल और ब्लूटूथ भेंट किया गया। समिति की ओर से घनश्याम श्रीवास अध्यक्ष, मनोज कश्यप महासचिव, आकाश यादव उपाध्यक्ष, संदीप यादव कोषाध्यक्ष, संरक्षक एवं मंच संचालक नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। -ब्यूरो

# अनुराग पाल प्रदेश सचिव बने



**मुजफ्फरनगर।** युवा नेता अनुराग पाल को समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश मजदूर सभा में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक ने मनोनयन पत्र जारी किया। पार्टी जिला कार्यालय पर डॉ. सत्येंद्र पाल प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक सभा, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। -शरद पाल

# अ.भा. गडरिया महासभा की जिला कार्यकारिणी गठित

**खरगोन।** अखिल भारतीय गडरिया महासभा की महत्वपूर्ण बैठक भीकनगांव में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सदस्यगण श्रीमती उर्मिला एवं रामपाल ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में ताराचंद पाल को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ संजय पाल एवं सचिन पाल मीडिया प्रभारी, दिगंबर राठौर संभागीय संरक्षक, गोपाल यादव एवं भुवानीराम सरजालिया जिला संरक्षकद्वय, राजेश पाल सनावद, हरीश पाल, छोगालाल धनगर, ताराचंद यादव को जिला उपाध्यक्ष, अभय चंदेल एवं भगत पटेल जिला महामंत्री, जितेंद्र मौर्य जिला सचिव, आनंद पाल, मुकेश मालवीय, प्रकाश मालवीय, लोकेश पाल एवं हरीश गुर्जर को जिला सह सचिव, सुधीर पटेल कोषाध्यक्ष, संजय श्रीराम चंदेल, टन्टू वर्मा मंडलेश्वर, ताराचंद



धनगर भीकनगाँव, दिनेश पाटूद बोरावा, हीरालाल यादव बन्हेर को विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पंकज देवीसिंह पाल को युवा अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर बलिराम दिवाले, गबरू पाल, मनीष पाल, रामपाल पाल, अमन सरजालिया, विक्की पाल, बिट्टू पाल सहित सदस्यगणों ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी। अखिल भारतीय गड़रिया महासभा संगठनात्मक नियमावली का उदबोधन संजय कुमार मौर्य ने किया और पदाधिकारियों के प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत कर समितियों के गठन हेतु नियमावली बनाई। कार्यक्रम का संचालन सचिन पाल ने किया। -ब्यूरो

# हिमालयी रुद्राक्ष के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित होगा उत्तराखंड : डॉ. रमेश सिंह पाल



**देहरादून।** बीते दिनों विधायक टिहरी गढ़वाल किशोर उपाध्याय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया में रुद्राक्ष के अग्रणी उत्पादक नेपाल का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में किशोर उपाध्याय के साथ विख्यात रुद्राक्ष विशेषज्ञ प्रिंस अग्रवाल तथा वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं जाने-माने आध्यात्मिक लेखक डॉ. रमेश सिंह पाल सम्मिलित थे। इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य नेपाल में रुद्राक्ष की खेती की उन्नत पद्धतियों, कृषि प्रबंधन, कटाई उपरांत प्रसंस्करण प्रणाली, विपणन तंत्र, मृदा की विशेषताओं तथा उत्तराखण्ड के उपयुक्त क्षेत्रों में रुद्राक्ष की व्यावसायिक खेती की संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन करना था। नेपाल के विभिन्न रुद्राक्ष उत्पादायी खेतों की मिट्टी के नमूने एकत्र कर उनका प्रयोगशाला में मृदा परीक्षण किया गया। तदोपरांत गढ़वाल क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों जैसे टिहरी गढ़वाल, नरेंद्रनगर, ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून इत्यादि स्थानों की मिट्टी की जाँच कर यह पता चला कि नेपाल के रुद्राक्ष उत्पादायी खेतों की मिट्टी तथा गढ़वाल के कई स्थानों की मिट्टी आपस में काफी हद तक मेल खाती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. रमेश सिंह पाल ने अध्ययन के दौरान प्राप्त अनुभवों एवं निष्कर्षों से बताया कि उत्तराखण्ड में रुद्राक्ष आधारित एक सुदृढ़ एवं टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की अत्यंत व्यापक संभावनाएँ विद्यमान हैं। भारत एवं चीन में मिलने वाले रुद्राक्ष ज्यादातर नेपाल और इंडोनेशिया से आयात किये जाते हैं और यह आयात भारत में सालाना कई सौ करोड़ का है। प्रतिनिधिमंडल ने करीब 200 पेज की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है जिसमें 'उत्तराखण्ड में रुद्राक्ष की खेती की संभावनाएँ तथा उत्तराखंड में रुद्राक्ष खेती के रणनीतिक विकास एवं विस्तार हेतु व्यापक कार्ययोजना' की विस्तृत जानकारी को सम्मिलित किया गया है। ये विस्तृत रिपोर्ट 9 जुलाई को मुख्यमंत्री को सौंप दी गयी है। प्रस्तावित पहल के प्रमुख उद्देश्य हैं आयातित रुद्राक्ष पर निर्भरता को कम करना, पर्वतीय किसानों के लिए उच्च आय एवं स्थायी आजीविका के नए अवसर सृजित करना, आध्यात्मिक पर्यटन एवं वेलनेस उद्योग को प्रोत्साहित करना तथा उत्तराखण्ड को हिमालयी रुद्राक्ष के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों किशोर उपाध्याय, प्रिंस अग्रवाल तथा वैज्ञानिक एवं लेखक डॉ. रमेश सिंह पाल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार बहुत जल्दी उत्तराखंड में रुद्राक्ष खेती के रणनीतिक विकास एवं विस्तार हेतु व्यापक कार्ययोजना तैयार कर इसे धरातल पर उतारने के लिए वन विभाग, जिला प्रशासन एवं कृषि वैज्ञानिकों को निर्देशित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि रुद्राक्ष पर आधारित यह स्थानीय संपदा सृजन मॉडल पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे दीर्घकालिक पलायन की समस्या के समाधान की दिशा में एक व्यावहारिक, प्रभावी एवं सतत पहल सिद्ध हो सकता है। साथ ही यह उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण तथा आध्यात्मिक विरासत को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। -ब्यूरो

# प्रिया पाल का शुभविवाह सम्पन्न



**मुरादनगर।** वरिष्ठ समाजसेवी तथा वर्तमान में प्रदेश सचिव समाजवादी मजदूर सभा उत्तर प्रदेश रघुनंदन पाल की सुपौत्री आयुष्मति प्रिया पाल के शुभविवाह केजी फार्म हाउस मुरादनगर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कृपाल सिंह पाल राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय पाल महासभा, धर्मपाल गडरिया, लोकेश पाल (फाजलपुर) के साथ दीपक पाल जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा पाल महासभा मेरठ ने भी उपस्थित होकर वर-कन्या को आशीर्वाद दिया। -ब्यूरो

# पौधारोपण कार्यक्रम 12 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ गडरिया (देसहा) पाल समाज संभाग रायपुर के सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा में संभाग के अध्यक्ष रामधीन पाल एवं पदाधिकारियों की गरिमापूर्ण उपस्थिति में 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से सामाजिक भवन परिसर में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। नारायण प्रसाद पाली प्रदेश प्रवक्ता सर्व गडरिया समाज महासंघ रायपुर ने बताया कि कार्यक्रम में यशवंत राव, पूर्णेन्दु पाल, मिलन पाल, मुकेश पाल, श्रीमती इंदु पाल, दानी पाल, हेमंत पाल एवं समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक भागीदारी निभाएंगे। -ब्यूरो

**मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-**

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल,** पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल,** (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
